**NEWS CLIPPING:17.11.2022**

# PUNJAB KESARI

# 3 दिवसीय इंडोगमा फिल्म महोत्सव, 2022 का शुभारंभ

- पहले दिन क्षेत्रीय और डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की हुई स्क्रीनिंग
- मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में युवाओं के लिए रोजगार की अपार संभावनाएं: कुलपति प्रो. एसके तोमर



दीप प्रज्वलित कर इंडोगमा फिल्म महोत्सव, 2022 का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर तथा अन्य।



इंडोगमा फिल्म महोत्सव, 2022 के उद्घाटन सत्र में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए मीडिया के विद्यार्थी।

फरीदाबाद, 16 नवम्बर(महावीर गोयल): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग को तेजी से बढ़ते उद्योग क्षेत्रों में से एक बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र में रोजगार के अपार अवसर पैदा करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए खुद को हुनरमंद बनाना होगा।

प्रो. तोमर विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग (सीएमटी) द्वारा सिनेमेहता प्रोडक्शंस के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय इंडोगमा फिल्म महोत्सव, 2022 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय मीडिया की प्रसिद्ध हस्ती तथा एशियन अकादमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन (एएएफटी) के संस्थापक अध्यक्ष संदीप मारवाह सत्र में मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, सीएमटी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक, सिनेमहता प्रोडक्शंस के निदेशक चंदन मेहता, और मुकेश गंभीर भी सत्र में उपस्थित थे। इस अवसर पर इंडोगामा का थीम सॉन्ग भी लॉन्च किया जाएगा।

प्रो. तोमर ने आर्थिक रिपोर्टों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में मीडिया और मनोरंजन उद्योग 40 लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है और अब विभिन्न डिजिटल माध्यमों के कारण इस उद्योग का दायरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल फिल्म उद्योग के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ा है बल्कि रोजगार के नए अवसर भी खुले हैं। छात्रों की भागीदारी को सराहासत्र को संबोधित करते हुए संदीप मारवाह ने फिल्म महोत्सव के आयोजन को सराहनीय बताया तथा महोत्सव में छात्रों की भागीदारी की प्रशंसा की। उन्होंने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर मीडिया के छात्रों और संकाय सदस्यों को भी बधाई दी। उन्होंने फिल्म निर्माण में संवेदना तथा रचनात्मक सोच जैसे पहलुओं पर बल दिया।

उन्होंने फिल्म निर्माण को एक कला बताते हुए कहा कि सिनेमाई ताने-बाने के निर्माण के लिए मीडिया और मनोरंजन महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि सिनेमा और कुछ नहीं बल्कि हमारे समाज का प्रतिबिंब है इससे पहले इंडोगमा फिल्म फेस्टिवल के मुकेश गंभीर ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया।

## विद्यार्थियों को दिए टिप्स

इस अवसर पर जाने-माने लेखक और निर्देशक आशीष श्रीवास्तव ने कम बजट की फिल्म और डॉक्यूमेंट्री बनाने को लेकर विद्यार्थियों को उपयोगी टिप्स दिये। फिल्म फेस्टिवल के पहले दिन क्षेत्रीय और डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। इस अवसर पर विभाग के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। सीएमटी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रीय, एनिमेटेड और वृत्तचित्र फिल्मों की स्क्रीनिंग, मास्टर क्लास, पुरस्कार वितरण और मशहूर हस्तियों के साथ संवाद शामिल रहेगा।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING:17.11.2022**

# AAJ SAMAJ

**कार्यक्रम** तीन दिवसीय इंडोगमा फिल्म महोत्सव, 2022 का शुभारंभ, पहले दिन क्षेत्रीय और डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की हुई स्क्रीनिंग

## मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में युवाओं के लिए रोजगार की अपार संभावनाएंः कुलपति

**श्याम सुंदर मित्तल**

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग को तेजी से बढ़ते उद्योग क्षेत्रों में से एक बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र में रोजगार के अपार अवसर पैदा करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए खुद को हुनरमंद बनाना होगा। प्रो. तोमर विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग (सीएमटी) द्वारा सिनेमेहता प्रोडक्शंस के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय इंडोगमा फिल्म महोत्सव, 2022 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय मीडिया की प्रसिद्ध हस्ती तथा एशियन अकादमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन (एएएफटी) के संस्थापक अध्यक्ष संदीप मारवाह सत्र में मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, सीएमटी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक, सिनेमहता प्रोडक्शंस के निदेशक चंदन मेहता, और श्री मुकेश गंभीर भी सत्र में उपस्थित थे। इस अवसर पर इंडोगामा का थीम सॉन्ग भी लॉन्च किया जाएगा। प्रो. तोमर ने आर्थिक रिपोर्टों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में मीडिया और मनोरंजन उद्योग 40 लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है और अब विभिन्न डिजिटल माध्यमों के कारण इस उद्योग का दायरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल फिल्म उद्योग के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ा है बल्कि रोजगार के नए अवसर भी खुले हैं। उन्होंने कहा कि देश में एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा एक एवीजीसी प्रचार कार्य समूह का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि एवीजीसी क्षेत्र देश में रोजगार के लाखों नये अवसर सृजित करेगा।

सत्र को संबोधित करते हुए श्री संदीप मारवाह ने फिल्म महोत्सव के आयोजन को सराहनीय बताया तथा महोत्सव में छात्रों की भागीदारी की प्रशंसा की। उन्होंने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर मीडिया के छात्रों और संकाय सदस्यों को भी बधाई दी। उन्होंने फिल्म निर्माण में संवेदना तथा रचनात्मक सोच जैसे पहलुओं पर बल दिया। उन्होंने फिल्म निर्माण को एक



कला बताते हुए कहा कि सिनेमाई ताने-बाने के निर्माण के लिए मीडिया और मनोरंजन महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर जाने-माने लेखक और निर्देशक आशीष श्रीवास्तव ने कम बजट की फिल्म और डॉक्यूमेंट्री बनाने को लेकर विद्यार्थियों को उपयोगी टिप्स दिये। फिल्म फेस्टिवल के पहले दिन क्षेत्रीय और डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। इस अवसर पर विभाग के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। सीएमटी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

**NEWS CLIPPING:17.11.2022**

# AAJ SAMAJ

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर संगोष्ठी एव प्रतियोगिताओं का आयोजन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद के संचार एवं



मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय प्रेस दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आशु भाषण प्रतियोगिता तथा भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष डॉक्टर पवन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर एक विशेष चर्चा सत्र तथा प्रेस की स्वतंत्रता अधिकार या जिम्मेदारी तथा मीडिया एवम मूल्य, सोशल मीडिया का युवाओं पर प्रभाव आदि विषयों पर भाषण और आशुभाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चर्चा सत्र में विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. केएम ताबिश तथा डॉ. अखिलेश त्रिपाठी ने छात्रों से संवाद किया। भाषण प्रतियोगिता में बीएजेएमसी के तृतीय सेमेस्टर के छात्रा यशिता नागपाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान स्थान पर बीएजेएमसी के तृतीय सेमेस्टर छात्रा सुरभि भाटिया तथा बैचलर ऑफ सोशल वर्क तृतीय सेमेस्टर के छात्र साहिल कौशिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आशु भाषण प्रतियोगिता में एमए जेएमसी प्रथम वर्ष की छात्रा शोभा यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीएजेएमसी प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी सिंह और स्वप्निल तिवारी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। बैचलर ऑफ सोशल वर्क तृतीय सेमेस्टर के छात्र साहिल कौशिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फैकल्टी ऑफ लिब्रल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन प्रोफेसर अतुल मिश्रा ने विजेता छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाला भविष्य मीडिया छात्रों के लिए एक जिम्मेदारी वाला समय है जिसमें उन्हें एक जिम्मेदार पत्रकार के नाते देश की उन्नति एकता और अखंडता को ध्यान में रखकर अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए।

**NEWS CLIPPING:17.11.2022**

# HINDUSTAN

# क्षेत्रीय और डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई जाएंगी

**फिल्म महोत्सव**

फरीदाबाद, कार्यालय संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में बुधवार तीन दिवसीय इंडोगमा फिल्म महोत्सवः 2022 का शुभारंभ हुआ। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय मीडिया से जुड़े और एशियन अकादमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन (एएएफटी) के संस्थापक अध्यक्ष संदीप मारवाह शामिल हुए।

उन्होंने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर के साथ मिलकर कार्यक्रम की दीप जलाकर शुरुआत की। मौके पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, सीएमटी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक, सिनेमहता प्रोडक्शंस के निदेशक चंदन मेहता और मुकेश गंभीर भी उपस्थित रहे। यह महोत्सव विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग (सीएमटी) और सिनेमेहता प्रोडक्शंस के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कुलपति ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए खुद को हुनरमंद बनाना होगा। इसके बाद कुलपति ने इंडोगामा का थीम सांग लांच किया। उन्होंने कहा कि भारत में मीडिया और मनोरंजन उद्योग 40 लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है और अब विभिन्न डिजिटल माध्यमों के कारण इस उद्योग का दायरा बढ़ गया है।



फरीदाबाद स्थित जेसी बोस यूनिवर्सिटी में बुधवार को इंडोगमा फिल्म महोत्सव के उद्घाटन सत्र के दौरान छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। • हिन्दुस्तान

## कई गतिविधियों में भाग लेने का मौका मिलेगा

वहीं इसके बाद कुछ क्षेत्रीय और डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की स्क्रीनिंग भी की गई। सीएमटी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसमें क्षेत्रीय, एनिमेटेड और डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की स्क्रीनिंग, मास्टर क्लास, पुरस्कार वितरण और मशहूर हस्तियों के साथ संवाद शामिल रहेगा।

**NEWS CLIPPING:17.11.2022**

# PIONEER

# मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में अपार संभावनाएं

## तीन दिवसीय इंडोगमा फिल्म महोत्सव, 2022 का शुभारंभ, पहले दिन क्षेत्रीय और डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की हुई स्क्रीनिंग

**पायनियर समाचार सेवा** । फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग को तेजी से बढ़ते उद्योग क्षेत्रों में से एक बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र में रोजगार के अपार अवसर पैदा करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए खुद को हुनरमंद बनाना होगा।



**जेसीबोस विश्वविद्यालय में इंडोगमा फिल्म महोत्सव का दीप जला कर शुभारंभ करते संदीप मारवाह और कुलपति प्रो. एसके तोमर साथ में अन्य।**

प्रो. तोमर विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग (सीएमटी) द्वारा सिनेमेहता प्रोडक्शंस के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय इंडोगमा फिल्म महोत्सव, 2022 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय मीडिया की प्रसिद्ध हस्ती तथा एशियन अकादमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन (एएएफटी) के संस्थापक अध्यक्ष संदीप मारवाह सत्र में मुख्य अतिथि रहे। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, सीएमटी विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह मलिक, सिनेमहता प्रोडक्शंस के निदेशक चंदन मेहता, और मुकेश गंभीर भी सत्र में उपस्थित थे। इंडोगामा का थीम सॉन्ग भी लॉन्च किया जाएगा।

प्रो. तोमर ने आर्थिक रिपोर्टों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में मीडिया और मनोरंजन उद्योग 40 लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्रदान कर रहा है और अब विभिन्न डिजिटल माध्यमों के कारण इस उद्योग का दायरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल फिल्म उद्योग के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ा है बल्कि रोजगार के नए अवसर भी खुले हैं।

उन्होंने कहा कि देश में एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा एक एवीजीसी प्रचार कार्य समूह का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि एवीजीसी क्षेत्र देश में रोजगार के लाखों नये अवसर सृजित करेगा।